HPL(HIGH PRESSURE LAMINATE)
12MM FOR TOILET CUBICLE
PRINCE POLO
Mob:8422984733

Carpenter's monthly newspaper
www.carpentersnews.com

कारपेंटर्स न्यूज़

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2022-24
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month
मासिक समाचार पत्र

मुंबई | दिसंबर 2023 | वर्ष : 19 | अंक : 01 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए

रामगढ़िया फाउंडेशन ने मनाया विश्वकर्मा महापूजा ... पेज - 2

Since 1986
Suzu®
An ISO 9001:2015 Certified Company | CE Certified
GLORIOUS RANGE OF
PREMIUM HARDWARE
PRODUCTS
TELESCOPIC CHANNEL
MORTISE HANDLE
FLUTTER HINGES
SHOWER
TAPS
TOILET SEAT COVER
PADLOCKS
SCREWS
37
INDIA'S 1ST STAINLESS STEEL SHACKLE
Padlocks Series
INDIA'S 1ST S.S HINGES MANUFACTURER
Hinges Series
Quality Redefined
PROUDLY MADE IN INDIA
Manufacturer & Exporters of
Hinges | Screws | Door Hardware | Locks | PTMT BATH FITTINGS

Padlocks | Butt Hinges | Aldrops | Screws | Door And Window Fittings | Cabinet Hinges | Door Closers | Mortise Handles | MPL Locks | Shutter Locks Godown Locks | Main Door Locks | PTMT Taps | Toilet Seat Covers | ISI Flushing Cisterns, Mirror Cabinets | Bathroom Fittings | PTMT Accessories Etc.

Head Office : 110 I.D.C. Hissar Road,
Rohtak - 124001 Haryana (INDIA)
Corporate Office : 209-B, 2nd Floor Crown Heights
Near Rithala Metro Station, Rohini Sector 10
New Delhi - 110085 (INDIA)

Follow us on
www.suzusteel.com www.suzu.in

+91-9811242777, +91-9911118272
CUSTOMER HELPLINE
TOLL FREE NUMBER 1800 12000 4005
Time : 10 AM To 7 PM (Monday - Saturday)

रामगढ़िया फाउंडेशन ने मनाया विश्वकर्मा महापूजा

लुधियाना। रामगढ़िया फाउंडेशन ने बाबा विश्वकर्मा इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी सेंटर, कैनाल रोड, सांगोवाल ब्रिज के पास, लुधियाना में विश्वकर्मा दिवस मनाया। इस अवसर पर सरदारनी राजिंदर पाल कौर छीना विधायक लुधियाना दक्षिण मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर रघबीर सिंह सोहल प्रधान रामगढ़िया फाउंडेशन ने कहा कि आज बाबा विश्वकर्मा भवन की गवर्निंग काउंसिल के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि प्रति वर्ष विश्वकर्मा महापूजा दिवस समारोह में जिन उद्योगपतियों ने नए विचारों के साथ व्यापार में नवाचार किया है और अपने कार्य क्षेत्र में तेजी से उपलब्धि हासिल की है, उनको बाबा विश्वकर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर आठ प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया है।

समारोह में सुखदयाल सिंह बसंत चेयरमैन, हरजीत सिंह सोंध उप चेयरमैन, रघबीर सिंह सोहल प्रधान, दिनेश सिंह भोगल सचिव, सुरजीत सिंह क्रिस्टल, सुरजीत सिंह लोटे, दर्शन सिंह लोटे, भूपिंदर सिंह हुंजन, यादविंदर सिंह मनकू, अवतार सिंह भोगल, चरणजीत सिंह विश्वकर्मा, अजमेर सिंह मठारू, जसविंदर सिंह मठारू, हरविंदर सिंह, परजीत सिंह मुंडियां, सुखविंदर सिंह, जसविंदर सिंह सुतधार, गुरमुख सिंह रूपल, विपिन मित्तल, गुरचरण सिंह जैमको, भूपिंदर सिंह एशिया क्रेन, हरविंदर सिंह एशिया क्रेन, सुरिंदर सिंह एस.एच. डी. मशीन टूल्स, गुरदीप सिंह कोमल, शमशेर सिंह आलमगीर, गुरपरगट सिंह काहलों, रघबीर सिंह पुमको, सतनाम सिंह मक्कड़, सुखदेव सिंह कुलार, सुखविंदर सिंह कुलार, गुरचरण सिंह कुलार, गुरचरण सिंह के. डब्ल्यू आदि उपस्थित रहे।

कारपेंटर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से भंडारा का आयोजन

यमुनानगर। कारपेंटर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से श्री विश्वकर्मा दिवस का आयोजन आई टी आई, बुटर पेट्रोल के सामने, आर के टिंबर के पास किया गया। सुबह श्री विश्वकर्मा पूजन के बाद आरती तत्पश्चात भजन का कार्यक्रम हुआ। संस्था की ओर से विचार गोष्ठी का भी आयोजन हुआ, जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे।

कारपेंटर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल धीमान ने कारपेंटरों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह हमारा विश्वकर्मा समाज अब नई बुलंदियों को छू रहा है और हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा पद्धति से बहुत उच्च पदों पर कार्यरत हैं, यह समाज के लिए गर्व की बात है। चेयरमैन हरदीप सिंह ने कहा कि विश्वकर्मा समाज अपनी मेहनत के बलबूते तेजी से विकास कर रहा है। प्रधान जसबीर सिंह ने यमुनानगर कारपेंटर भाइयों को विश्वकर्मा पूजा की बधाई देते हुए कहा कि किसी कारपेंटर भाई को किसी भी प्रकार की कोई भी दिक्कत हो तो वह यमुनानगर यूनियन में आकर अपना पत्र देकर अपने किसी भी समस्या का हल करवा सकता है। यह संगठन मालिक और कामगार के बीच में एक अच्छा संतुलन बनाए हुए है। कोई वाद विवाद हो तो वह मिल बैठकर हल कर लिया जाता है। कारपेंटर एसोसिएशन के सचिव सुरजीत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वकर्मा समाज के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू कर बेहतर काम किया है। इस योजना से विश्वकर्मा समाज उन्नति की ओर जाएगा। इस अवसर पर संस्था के जिला सचिव सुरजीत शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश, मीडिया प्रभारी ओमपाल आदि ने भी विचार रखे। कारपेंटर उद्योग व्यापार मंडल की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

जॉलीबोर्ड

जॉली सीमेंट बोर्ड

छत, दीवार, दरवाज़े और फर्श के लिए सही समाधान

लकड़े जैसा दिखता
सिमेंट जैसा काम

गुण

दीमक और कीट रोधी | नमी प्रतिरोधी | प्रभाव प्रतिरोध | पर्यावरण अनुकूल | एस्बेस्टोस मुक्त | आग प्रतिरोध

मोटाई एवं आकार :
6 mm 8 mm 10 mm 12 mm
16 mm 18 mm 20 mm 25 mm

सिमेंट शीट खरीदिए और इनाम पाइए।

Jollyboard LIMITED

501, रेवा चेंबर्स, 31 सर विठ्ठलदास ठकरसी मार्ग, **चर्चगेट स्टेशन के पास,** इनकम टॅक्स बिल्डींग के पिछे, मुंबई - 400 020.
फोन : 022-22078531-34 / 22069533 मोबाईल : 9820536663, 9820977799
ईमेल : fcb@jollyboard.com, sales@jollyboard.com, anisha@jollyboard.com, sachin@jollyboard.com वेब : www.jollyboard.com

कारपेंटर्स न्यूज़

RNI NO. MAHHIN/2005/16460

संपर्क करें : Mo. **9320566633 / 7588951633** | Email: carpentersnews@gmail.com

हमें फॉलो करें : **Facebook.com/carpentersnews** | **Telegram: https://t.me/carpenters_news**

मुंबई | दिसंबर 2023 | वर्ष : 19 | अंक : 01 | पृष्ठ : 16 | मूल्य : 2 रुपए

प्लाईवुड उद्योग को बड़ी राहत

यमुनानगर। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्लाईवुड इंडस्ट्री को बड़ी राहत दी है। सीएम ने व्यापारियों की मांग को देखते हुए लकड़ी खरीद पर मार्केट फीस 2 प्रतिशत से घटा कर 1 प्रतिशत कर दी है। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से प्लाईवुड व्यापारियों को करीब 8 करोड़ रुपये का सालाना लाभ होगा।

Link
50 YEARS OF TRUST
Khulja Sim Sim Offer
Link is offering on the occasion of
Christmas & New Year
Link
BUY 1 Door Closer 45 OR 65
GET 4 Butt Hinges (5x12)
FREE Butt Hinges (5x12)
1800-547-4559
www.linklocks.com
amazon
meesho
blinkit
JioMart

फर्नीचर उद्योग को लगे पंख 5 हजार लोगों को मिला रोजगार

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती के गांव से शुरू हुए फर्नीचर उद्योग में 5 हजार लोगों को रोजगार मिला है। कारोबार की बढ़ने की संभावनाएं दिखीं तो प्रदेश सरकार ने इसे एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल कर दिया। इसके बाद उम्मीदें परवान चढ़ने लगीं। इस समय 150 से ज्यादा कारखाने हो गए हैं। फर्नीचर कारोबार से इस इलाके के पांच हजार से ज्यादा लोग जुड़े हैं। इनमें एक हजार से ज्यादा लोगों को सरकार की ओर से टूल किट भी दी जा चुकी है जबकि 60 लोगों को लोन मिल चुका है।

बस्ती जिले की परसरामपुर थाना क्षेत्र के हैदराबाद से कारोबार की शुरूआत हुई, इसके बाद सिकंदरपुर में फर्नीचर बनाने लगे। यहां का फर्नीचर ओडीओपी में शामिल है। यहां से अन्य प्रांतों में फर्नीचर की आपूर्ति की जाती है। जिला उद्योग कार्यालय में प्रति वर्ष करीब 10 से 12 बेरोजगार युवकों को काष्ठ कला व्यवसाय के लिए ऋण दिया जाता है। अब तक 1,050 लोगों को टूलकिट और 60 लोगों को ऋण मिल चुका है। उद्यमी परवेज खान ने फर्नीचर के कारोबार को और आगे ले जाने के लिए पांच करोड़ के एमओयू पर साइन कर किया है। फर्नीचर कारोबार से तमाम परिवारों का गुजर बसर हो रहा है। नक्काशी वाले फर्नीचरों की मांग ज्यादा रहती है।

परसरामपुर ब्लॉक के निवासी वीरेन्द्र कुमार ने फर्नीचर उद्योग में पहचान बनाई है। शुरूआत में उन्होंने हिम्मत जुटाई। पूंजी लगाई और फर्नीचर कारोबार शुरू किया। उनके बनाए फर्नीचर केवल जिले में ही नहीं अन्य प्रदेशों में भी भेजे जा रहे हैं। उन्होंने पहले कई शहरों में इस व्यवसाय की काफी पड़ताल की। वीरेंद्र को अच्छे और टिकाऊ फर्नीचर की किल्लत दिखी। 2002 में उन्होंने अपने गांव में फर्नीचर उद्योग को नया आकार दिया। सिकंदरपुर गांव में अपने घर में शोरूम और गोदाम खोलकर इस उद्योग को नई दिशा दी। जिले में अच्छा खासा क्षेत्र बस्ती और गोंडा जिले से सटा इलाका जंगल से घिरा है। इनमें मिलने वाली लकड़ियां विभिन्न प्रकार के फर्नीचर के उत्पाद के लिए उपयुक्त हैं। इनमें बेड, कुर्सी, दरवाजा, सोफा, मेज, अलमारी इत्यादि उत्पादों का निर्माण होता है। यहां प्रतिवर्ष बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण देकर कुशल कारीगर भी तैयार किए जाते हैं। उद्योग कार्यालय के अनुसार एक जिला एक उत्पाद का शुभारंभ 2018-19 में हुआ। इस योजना के तहत वर्तमान में 500 लोगों को टूलकिट दी गई। इससे उनको काम करने में आसानी हुई। करीब 60 लोगों को ऋण दिए गए हैं। फर्नीचर उद्योग को कुल 20 करोड़ का एमओयू साइन हुआ है।

उद्यमी वीरेंद्र कुमार बताते है कि इस व्यवसाय में पिछले लगभग पांच वर्षों से जुड़े हैं। फर्नीचर कारोबारी दीपक गुप्ता ने बताया कि जिले की पहचान फर्नीचर कारोबार से है। यहां के फर्नीचर काफी मजबूत और बनावट के हिसाब से आकर्षक होते हैं। इस कारण ग्राहक इसे ज्यादा पसंद करते हैं।

यूरो एडहेसिव ने शुरू किया कारपेंटर लॉयल्टी प्रोग्राम

मुंबई। ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. अपने लोकप्रिय ब्रांड यूरो एडहेसिव के जरिये कारपेंटरों के बीच लगातार पैठ बना रही है। अभी तक यूरो एडहेसिव की खरीदी पर कारपेंटरों और कॉन्ट्रैक्टरों को टोकन, कटर मशीन, ड्रिल मशीन जैसे उपहार दिया जाता रहा है। यूरो एडहेसिव ने अब यूरो डिजिटल एप भी लॉन्च कर दिया है जिसके माध्यम से कारपेंटर लॉयल्टी प्रोग्राम में भाग ले सकते हैं।

इस एप्प को गूगल प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड करने के बाद कारपेंटर को अपनी जानकारी को भरना होगा। इसके बाद यूरो एडहेसिव के किसी प्रतिनिधि से मिलकर यूरो एप्प को एक्टिवेट करना होगा। एप्प एक्टिवेट होने के बाद यूरो एडहेसिव के उत्पाद में दिए गए कूपन को स्कैन कर पॉइंट जमा करें। पॉइंट की संख्या के आधार पर कारपेंटर और कॉन्ट्रैक्टर गिफ्ट ले सकते हैं।

गुजरात के अहमदाबाद में ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. लोकप्रिय ब्रांड यूरो एडहेसिव का उत्पादन करती है। आईएसओ प्रमाणित ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. प्रति महीने 1 हजार टन एडहेसिव का उत्पादन करती है। ज्योति रेजिंस एंड एडहेसिव लि. के लोकप्रिय ब्रांड यूरो एडहेसिव को भारतीय फर्नीचर इंडस्ट्रीज में बेहतर गुणवत्ता के लिए जाना जाता है, इसलिए यूरो एडहेसिव कारपेंटरों में तेजी से लोकप्रिय हुआ है।

EURO®
7000
SYNTHETIC WOOD ADHESIVE

फर्नीचर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

भिलाई। छावनी शंकर नगर स्थित प्लाईवुड फर्नीचर कंपनी में अचानक आग लग गई। आग ने जब बड़ा रूप ले लिया, तब लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर दल पहुंचा और करीब 18 टैंकर पानी की मदद से आग बुझाई।

आगजनी से मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। आग की लपटें ऊंचाई में उठ रही थी। इस आगजनी से करीब 80 लाख रुपए के फर्नीचर जलकर खाक हो गए। कंपनी संचालक संतोष शर्मा ने जानकारी दी कि वह रात को कंपनी के सारे स्वीच बंद कर दुकान में ताला लगाकर चला गया था। आशंका है कि एकादशी के दिन लोगों ने पटाखा फोड़ा है, उसी की चिंगारी कंपनी में चली गई और धीरे-धीरे आग पकड़ लिया।

कारपेंटर की बेटी बनी साइकिलिस्ट

भोपाल। कारपेंटर राममिलन मौर्या की तीसरी बेटी संध्या मौर्या मध्य प्रदेश की पहली महिला साइकिलिस्ट बन गई है। इनका चयन भारतीय साइकिल नेशनल टीम में हुआ है। राममिलन मौर्या के परिवार में पत्नी और छह बेटियां हैं।

परिवार की तीसरे नंबर की बेटी संध्या ने स्कूली पढ़ाई के बाद वर्ष 2021 में भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेस के शारीरिक शिक्षा विभाग में बीपीएड कोर्स में प्रवेश लिया। भोपाल जिला साइकिल संघ के सचिव विशाल सिंह सेंगर ने संध्या के कद काठी नेचर और साइकिल चलाने के तरीके को देखकर काफी इंप्रेस हुए थे। उनको महसूस हुआ कि संध्या खेल में आगे जा सकती है। उस समय तक संध्या को भी नहीं पता था कि साइकिलिंग एक खेल भी होता है। संध्या मौर्या कॉलेज जाती तो समय मिलने के बाद पैडल पर पूरा जोर लगा देती। संध्या की इस तेजी पर साइकिलिंग कोच डा. विशाल सिंह सेंगर की नजर पड़ी तो उन्होंने उसकी प्रतिभा को निखारना शुरू किया। दो वर्ष में ही उसने दो राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पहुंचकर शानदार प्रदर्शन कर दिखाया। इस प्रदर्शन की बदौलत शहर की यह बेटी भारतीय साइकिल टीम के कैंप के लिए चयनित हो चुकी है। इस मुकाम तक पहुंचने वाली वह प्रदेश की पहली साइकिलिस्ट बन गई है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने किया कारपेंटर को सम्मानित

करनाल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने करनाल आगमन पर शिव कॉलोनी के एक कारपेंटर को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है।

इस योजना से गरीब लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ उनकी आय बढ़ाने पर भी जोर दिया जा रहा है। उनके उत्थान के लिए केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सरकार द्वारा हथकरघा श्रमिकों को ऋण उपलब्ध करवाया जाता है।

अभाविशि महासभा की कार्यकारिणी गठित

हिंगोली। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा व बारा बलुतेदार कारीगर वेलफेयर फॉउंडेशन की जिला इकाई का गठन किया गया। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष शंकर चुरागले के मार्गदर्शन में आयोजित बैठक में सुरेश गव्हाणकर को हिंगोली जिला अध्यक्ष, राजू पोहणकर को महासचिव, विजयराव खोलगडे को उपाध्यक्ष व राजू पोहणकर को कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। जिला कार्यकारिणी सदस्य में राजू खणके, देवरत्न गव्हाणकर, भिकाजी मोहनकर, अशोक सुरसे, निलेश राजूरकर, शुभराम बोधनकर, गणेश घाटोकर आदि को शामिल किया गया है।

स्वयं को समाज के लिए उपयोगी बनाएं - हरि चैतन्यपुरी

चेंबूर। श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि उत्तरकाशी जिले की सुरंग में 17 दिनों तक फंसे रहने के बाद 41 मजदूरों को सही सलामत बाहर निकालने वाली टीम ने मानवता के लिए मिशाल स्थापित की है। तिलक नगर में भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वयं को सुसंस्कारित करके समाज के लिए उपयोगी बनाएं। आज हमारी, हमारे परिवार, देश, समाज की जो दुर्दशा हो रही है। विभिन्न प्रयास करने के बावजूद जिससे हम उबर नहीं पा रहे हैं प्रयास करने के साथ साथ प्रभु से उनकी कृपा याचना से परिपूर्ण भाव सहित प्रार्थनाएं अवश्य करनी चाहिए।

परमात्मा हमारी वस्तुओं, पदार्थों, मान सम्मान इत्यादि का नहीं वह तो हमारी प्रेम व भावनाओं का भूखा है। हमें परमात्मा के प्रति विश्वास ही नहीं बल्कि दृढ़ विश्वास होना चाहिए। ईश्वर के प्रति मन में यदि संशय आ जाता है, तो उसके प्रति होने वाली भक्ति स्वतः ही नष्ट हो जाती है व ईश्वर के प्रति प्रेम भी नष्ट हो जाता है। ऐसा तब होता है जब निज हित में चिंतन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि बिना विचारे कोई कर्म न करें तथा न ही कुछ बोलें, ना किसी से संबंध बनाए व न ही किसी से कोई व्यवहार करें। विचारशील प्राणी कुछ भी बोलने से, व्यवहार करने, संबंध बनाने या कर्म करने से पहले विचार करता है। जिससे उसे ग्लानि, पश्चाताप व उपहास का सामना नहीं करना पड़ता। संत, गुरु व परमात्मा का दर दाता का दर है ना कि भिखारी का। आज के तथाकथित संत, गुरु ब्राह्मण व शिक्षकों ने अपने सम्मान व गरिमा को स्वयं खोया है। संत व गुरु हमारी संपत्ति नहीं अपितु संतति चाहते हैं। संपत्ति चाहने वाला लालची, लोभी व्यक्ति गुरू या संत कदापि नहीं हो सकता। सच्चा भाव ही सच्ची उपासना है। सच्चे हृदय से प्रेम व श्रद्धापूर्वक की गई प्रार्थना को परमात्मा अवश्य सुनते हैं चाहे व्यक्ति को वेद, शास्त्र, पुराणों का ज्ञान हो या न हो भाषा शैली भी विशेष हो या न हों चाहे हम शिक्षित हों या अशिक्षित हों, शुद्ध हार्दिक भावनाओं से किसी प्रकार भी प्रार्थना की जाए परमात्मा उसे नजरअंदाज नहीं कर सकते।

पीएम विश्वकर्मा योजना : हुनर को साबित करने के नए अवसर

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री ने देश के कारीगरों और शिल्पकारों के उत्थान के लिए 'पीएम विश्वकर्मा योजना' की घोषणा की। फरवरी माह में केंद्र सरकार द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए 13000 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया। इस अनूठी और गरीब विकास के लिए बनाई गई योजना का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री ने श्री विश्वकर्मा महापूजा के पावन पर्व 17 सितंबर को देश के 70 स्थानों से किया, जिसमें केंद्र सरकार के 70 मंत्री विभिन्न स्थानों पर उपस्थित रहे। 'पीएम विश्वकर्मा योजना' के नाम से शुरू की गई यह योजना देश के कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और भारत की प्राचीन कला तथा परंपरागत तकनीक के संरक्षण व संवर्धन के लिए केंद्र सरकार की अद्वितीय तथा महत्वपूर्ण योजना है।

'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' का लक्ष्य परंपरागत तकनीक से आज भी काम करने वाले विभिन्न जातियों और व्यवसाय से जुड़े लोगों का सम्मान, सामर्थ्य और समृद्धि बढ़ाना है। इस योजना के अंतर्गत विश्वकर्मा समाज से जुड़े लोग जो अपना कारोबार परंपरागत तरीके से पीढ़ी दर पीढ़ी कर रहे हैं, अपनी कला और हुनर को जिंदा रखे हुए हैं, जो गुरु-शिष्य परंपरा से दक्ष होकर इसको आगे बढ़ाने का काम करते हैं, इस योजना से लाभान्वित होंगे। देश के करोड़ों विश्वकर्मा इस योजना से अपनी कारीगरी में निपुण होंगे और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। इस योजना से भारत की परंपरागत कला और कारीगरों को अपने कौशल व प्रतिभा को दुनियाभर में प्रदर्शित

करने के अवसर प्राप्त होंगे। हजारों वर्षों से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे इन विश्वकर्मा कार्यकताओं को इस योजना से अपने कार्य के विस्तारीकरण और संरक्षित करने में मदद मिलेगी। देश के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई यह योजना जहां हमारी परंपरा, कला और तकनीक का संरक्षण व संवर्धन करने में सहायक होगी, वहीं हमारी युवा पीढ़ी को स्वरोजगार से जोड़कर उनके आर्थिक विकास में मददगार बनेगी।

17 सितंबर से प्रारंभ हुई 'पीएम विश्वकर्मा योजना' के अंतर्गत 18 प्रकार के विभिन्न व्यवसायों, वर्गों को इसमें शामिल किया गया है, जिसमें लोहार, सुनार, कारपेंटर, मूर्तिकार, चर्मकार, राजमिस्त्री, नाई, ताला बनाने वाले, नाव बनाने वाले, मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले, टूलकिट निमार्ता आदि इस योजना का लाभ ले सकेंगे। इस योजना से इन व्यवसायों से जुड़े लोगों को अपना कारोबार खड़ा करने में सहायता मिलेगी साथ ही स्किल ट्रेनिंग भी दी जाएगी। अपने व्यवसाय के लिए 3 लाख तक का कर्ज दो चरणों में 5 प्रतिशत ब्याज की दर पर बिना गारंटी के केंद्र सरकार द्वारा दिया जाएगा। इस धन का उपयोग विश्वकर्मा अपना कारोबार करने तथा उसके सुधार व उन्नयन के लिए कर सकेगा। 15000 रुपये विश्वकर्मा कार्यकताओं को औद्योगिक उपकरण (टूलकिट) के लिए दिए जाने का प्रावधान भी इस योजना में है। इस योजना में कौशल विकास, (स्किल डेवलपमेंट) के अंतर्गत करवाई जाने वाली बेसिक ट्रेनिंग के दौरान 500 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिदिन स्टाई फंड दिया जाएगा। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के माध्यम से इस योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है तथा नेशनल कमेटी फॉर मार्केटिंग (एनसीए) द्वारा कारीगरों एवं शिल्पकारों के उत्पादों की पैकेजिंग, मार्केटिंग, डिजाइन, वस्तु निर्माण को ई-कॉमर्स पोर्टल पर सूचीबद्ध किया जाएगा। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक, 1. असंगठित क्षेत्र में चिह्नित 18 व्यवसायों में से किसी एक में कारीगर/शिल्पकार के तौर पर काम कर रहा हो। 2. पंजीकरण की तिथि तक आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। 3. आवेदक ने 5 साल के दौरान स्वरोजगार या बिजनेस डेवलपमेंट में केंद्र या राज्य की किसी योजना से कर्ज न लिया हो। 4. सरकारी सेवा केंद्र अथवा राज्य में नौकरी न करता हो। 5. योजना का लाभ परिवार में एक ही सदस्य को मिलेगा। पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक विश्वकर्मा पंजीकरण पोर्टल पर ऑनलाइन तथा अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र पर बिना शुल्क के पंजीकृत सकते हैं, जिनमें आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक खाते की स्टेटमेंट देकर पंजीकरण करवाया जा सकता है। पीएम विश्वकर्मा योजना से देश के अति निर्धन और जरूरतमंद कारीगरों व शिल्पकारों की सहायता करना ही इस योजना का मूल उद्देश्य है। इस योजना से गांव-गांव में हजारों वर्षों से अपने कौशल से अपनी परंपरागत विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य कारीगर व शिल्पकार कर सकेंगे। देश की परंपरागत कला, संस्कृति और तकनीक को सुरक्षित करने व उसको समय अनुसार विकसित करने में यह योजना बहुत ही लाभदायक सिद्ध होगी। विश्वकर्मा समाज के लोगों के सम्मान के साथ-साथ अपने सामर्थ्य को बढ़ाकर समृद्ध जीवन यापन कर सकेंगे। देश के प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई यह योजना सामाजिक विकास की दृष्टि से भी अति महत्वपूर्ण लगती है। ग्रामीण भारत के आर्थिक विकास में परंपरागत तकनीक व कला के संरक्षण तथा युवाओं को अपनी प्रतिभा व हुनर को साबित करने के नए अवसर प्रदान करेगी 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना'।



– महेंद्र धमाणीं

जायका इंडिया का

पनीर कोल्हापुरी

सामग्री - ताजा पनीर 250 ग्राम, टमाटर 4,सूखा नारियल कद्दूकस 1/2 कप, तिल 2 टीस्पून, जीरा1/2 टीस्पून,सौंफ 1 टी स्पून, हरी मिर्च 2,अदरक 1 इंच टुकड़ा,काजू 1/4 कप, बड़ी इलायची 1,हरी इलायची 2,लौंग 4, काली मिर्च 8, दालचीनी 1 इंच, साबुत लाल मिर्च 2, लाल मिर्च पाउडर 1/2 टीस्पून, हल्दी पाउडर 1/4 टीस्पून, धनिया पाउडर 1 टी स्पून, हरा धनिया 2-3 टेबल स्पून,जायफल पाउडर 1/4 टीस्पून,हींग 1 चुटकी, नमक स्वादानुसार,तेल

विधि - पनीर कोल्हापुरी बनाने के लिए सबसे पहले पनीर को चौकोर समान आकार के टुकड़ों में काट लें। इसके बाद प्याज और टमाटर को भी बारीक काट लें। अब एक कड़ाही को मीडियम आंच पर रखकर दालचीनी, जायफल पाउडर, इलायची, धनिया, लौंग, बड़ी इलायची को डालकर ड्राई रोस्ट कर लें। इसके बाद इसमें तिल और कद्दूकस नारियल डालकर गोल्डन ब्राउन होने तक भून लें। अब इस पूरे मिश्रण को एक बर्तन में निकालकर अलग रख दें। अब कड़ाही में थोड़ा सा तेल डालकर उसमें प्याज और लहसुन डालकर भून लें। इसके बाद इसमें हरा धनिया मिक्स कर गैस को बंद कर दें। अब मिक्सर में रोस्टेड मसालों और भुने हुए प्याज लहसुन को पानी डालकर ग्राइंड कर पेस्ट तैयार कर लें। अब पनीर कोल्हापुरी बनाने के लिए कोल्हापुरी मसाला बनकर तैयार हो गया है। मीडियम आंच पर कड़ाही को रखकर तेल डालकर दोबारा गर्म करें। इसमें टमाटर डालकर हल्का भून लें। इसके बाद इसमें चुटकी भर हींग, लाल मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर डालकर मिक्स कर लें। इसमें तैयार किया कोल्हापुरी मसाला और पानी डालकर 2 से 3 मिनट तक पकाएं। इस बात का ध्यान रखें की ग्रेवी ज्यादा पतली न हो। इसके बाद इस ग्रेवी में स्वादानुसार नमक को डालकर अच्छी तरह से मिला लें। इसमें पहले से तैयार पनीर के टुकड़े डाल दें और हल्के हाथों से ग्रेवी के साथ मिक्स करें। इसके बाद इन्हें लगभग 10 मिनट तक पकने दें। तय समय के बाद गैस को बंद कर दें। इस तरह स्वादिष्ट कोल्हापुरी पनीर की सब्जी बनकर तैयार हो चुकी है। इसे डिनर के लिए नान, पराठा या रोटी के साथ सर्व किया जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से जागरूकता अभियान

मुंबई। श्री विश्वकर्मा चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विश्वकर्मा जागरूकता अभियान के तहत विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन दहिसर स्थित राधा कृष्ण हॉल में किया गया। संस्था अध्यक्ष रामा विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित चर्चा सत्र में रोजगार, शिक्षा जागरूकता, विवाह आदि विषयों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। श्री विश्वकर्मा समाज आयोजित इस चर्चा सत्र में विश्वकर्मा समाज की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। अभियान में बतौर मुख्य अतिथि दहिसर पुलिस पी आई रामदास पोटे, संदीप एस आई नीलगिरी, पत्रकार हरिगोविंद विश्वकर्मा, लालजी विश्वकर्मा, गंगाराम विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा, गणेश विश्वकर्मा, शिव शंकर विश्वकर्मा, उमाशंकर विश्वकर्मा, मुरली विश्वकर्मा आदि ने विचार रखे।

श्री विश्वकर्मा मंदिर में दो दिवसीय पूजा महोत्सव

फगवाड़ा। शिरोमणी श्री विश्वकर्मा मंदिर बंगा रोड फगवाड़ा में 113 वां श्री विश्वकर्मा पूजा महोत्सव श्री विश्वकर्मा धीमान सभा के प्रधान बलवंत राय धीमान की देखरेख में श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि इंजीनियर गुरसिमरत सिंह सौंद जालंधर ने की, जबकि ध्वजारोहण की रस्म डॉ. अरविंद्र सिंह रूपराय शाहकोट ने निभाई। स्वागत कमेटी के अध्यक्ष प्रशांत धीमान थे। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह, सुशील कुमार रिंकू सांसद जालंधर, अशोक मित्तल सांसद राज्यसभा के अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री सोम प्रकाश, कांग्रेस विधायक राजकुमार चब्बेवाल, राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के पूर्व चेयरमैन विजय सांपला, बसपा पंजाब के प्रधान जसवीर सिंह गढ़ी, पूर्व केंद्रीय मंत्री जोगिंद्र सिंह मान, पूर्व मंत्री गुरकीरत कोटली, जिला कपूरथला कांग्रेस कमेटी के प्रधान व स्थानीय विधायक बलविंद्र सिंह धालीवाल, विधायक सुखविंद्र सिंह कोटली आदि के अलावा देश विदेश की संगत ने भारी संख्या में नतमस्तक होकर भगवान श्री विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सभा के अध्यक्ष बलवंत राय धीमान व उपाध्यक्ष गुरमुख सिंह नामधारी की तरफ से अतिथियों को सरोपे डाल कर सम्मानित किया गया। राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल ने मंदिर कमेटी को 20 लाख रुपये, लोकसभा सांसद सुशील कुमार रिंकू ने अपने सांसद निधि कोष से 5 लाख रुपये की ग्रांट देने का ऐलान किया। कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह ने भी हर तरह के सहयोग का विश्वास दिलाया। आयोजित मेले में भांति प्रकार के झूले और बिक्री के स्टाल विशेष आकर्षण का केन्द्र रहे। कमेटी प्रधान बलवंत राय धीमान ने बताया कि भगवान श्री विश्वकर्मा धर्मार्थ अस्पताल काफी समय से चल रहा है। मंदिर कमेटी मानवता की सेवा के लिए 50 बिस्तरों वाला 24 घंटे चलने वाला आपातकालीन वार्ड भी बना रही है। इसके अलावा बच्चों को तकनीकी शिक्षा देने के लिए आई.एस.ओ. पंजीकृत चैरिटेबल कम्प्यूटर इंस्टीच्यूट भी चल रहा है।

इस अवसर पर सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरिंदर पाल धीमान, उपाध्यक्ष प्रदीप धीमान, महासचिव गुरनाम सिंह जूतला, सूरज धीमान, कैशियर सुभाष धीमान, बख्शीश राम धीमान, रमेश धीमान, जसपाल सिंह लाल, विक्रमजीत चग्गर, अरुण रूपराय, भुपिंद्र सिंह जंडू, अमोलक सिंह झीता, सुखवंत सिंह घटोड़ा, सुरजीत सिंह विर्दी, अशोक धीमान, जगदेव सिंह कुंदी, नरिंद्र सिंह भच्चू, नरिंद्र सिंह टट्टर, सुरिंद्र सिंह कलसी, धीरज धीमान, रविंद्र सिंह पनेसर, पलविंद्र विर्दी, रीत प्रीत पाल सिंह भमरा, हरजीत सिंह भमरा, जगजीत सिंह लल्ल, अंकुश धीमान, अश्वनी धीमान, मनजिंद्र सिंह सीहरा, विशाल भोगल, बलविंद्र सिंह रतन आदि उपस्थित रहे।

विश्वकर्मा धीमान समाज की कार्यकारिणी घोषित

जगाधरी। विश्वकर्मा धीमान समाज हरियाणा की कार्यकारिणी विस्तार किया गया है। जगाधरी पंजाबी धर्मशाला में आयोजित बैठक में तिलक राज धीमान को प्रदेश उपाध्यक्ष व विजय धीमान पेहवा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। दर्शनी देवी को महिला विंग यमुनानगर का प्रधान नियुक्त किया गया।

तिलक राज धीमान ने कहा कि संगठन की ओर से जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है वे उसे निष्ठा से निभाएंगे। उनका प्रयास रहेगा कि अपने समाज के लिए दिन रात काम करना। समाज के जरूरतमंद लोगों के काम आना और उनकी हर समस्या का समाधान करना। उन्होंने कहा कि हमें समाज को आगे ले जाने के लिए अपने बच्चों को शिक्षित करना होगा। वहीं समाज में फैली बुराइयों को खत्म करना होगा।

E3 PVC EDGE BAND TAPE

कारपेंटर भाइयों की पहली पसंद

भारत में निर्मित
रहे हमेशा नई जैसी
लगाने में आसान, कभी न उतरे
बचाए आपके फर्नीचर को पानी और दीमक से

1st INDIAN MANUFACTURER IN WORLD CLASS QUALITY

E3
elegant | everlasting | economical

+91 70251 70251 | info@e3panels.com | www.e3panels.com

DEALERS ENQUIRY SOLICITED FOR PAN INDIA


AIPL
ABRO®
A TRUSTED NAME WORLDWIDE®
AIPL
25
YEARS
OF EXCELLENCE
CELEBRATING
TRUST
मज़बूत GRIP
बेहतर FINISH!
• No. 1 Choice Of Carpenters
• High Performance
• Strong Adhesion
• Better Results
135*+ MICRONS
ABRO
3123 MASKING TAPE
बेहतर फिनिश
FOR PAINTERS & CARPENTERS
ZORRO
BOND-WP
WOOD ADHESIVE
Net Wt. 2Kg
PART NO. ZB-WP-2Kg
ABRO
HIGH PERFORMANCE MASKING TAPE
मज़बूत पकड़
150*+ MICRONS
6123

AIPL ZORRO PVT. LTD.
302, 3rd Floor, D-Mall, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi-110034
In case of consumer complaint contact Customer Care Executive
AIPL ZORRO PVT. LTD.: Address as above
Contact No.: 011-49010144, Whatsapp No.: +917827937302, E-mail : info@aiplabro.com

TOLL-FREE NO
1800 27 40409
www.aiplabro.com

HARRISON
Mr. आनंद

हरीसन

परिवार की ओर से आप सभी को

क्रिसमस एवं न्यू ईयर 2024

की हार्दिक शुभकामनाएं।

लक्की विनर्स सुविधा स्कीम
के तहत कारपेंटर भाईओ
के लिए आकर्षक स्कीम।
आज ही रजिस्टर करें
और पाएं
मौका अनेको
उपहार
जीतने का

नॉटः- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि। **टोल फ्री नम्बर : 1-800-572-5795**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:- **9355-015-108**

www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com

हरीसन

www.harrisonlocks.com

Upcoming EXHIBITION

HYDERABAD

ace
ARCHITECTURE CONSTRUCTION ENGINEERING
TECH

19 20 21 जनवरी 2024

स्टॉल- बी 13, हॉल- 4

आने वाली आयोजित प्रदर्शनी

हरीसन कंपनी ने एक नई मील का पत्थर रखते हुए एक और शानदार प्रदर्शनी का आयोजन करने का एलान किया है, जो तकनीक, उद्यमिता, और नवाचार की दुनिया को एक साथ लाने का एक भव्य अवसर होगा। इस आयोजन में हम नवीनतम तकनीकी उत्पादों को देखेंगे, उच्च गुणवत्ता वाले समाधानों का संवाद करेंगे और उद्यमिता की दुनिया के नए दृष्टिकोणों का अनुसरण करेंगे। यह प्रदर्शनी न केवल तकनीकी उत्पादों के प्रदर्शन का एक मंच प्रदान करेगी, बल्कि उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्र में आदर्श प्रस्तुत करने के लिए भी एक आवाज बनेगी। इसका मुख्य उद्देश्य नए और रचनात्मक विचारों को प्रोत्साहित करना है

नए उत्पाद

हरीसन कंपनी ने हाल ही में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को मजबूती से बढ़ाते हुए एक **सीरीज़ के नए उत्पादों** का आधार रखा है। इस नई **लॉन्चिंग से जुड़ी बड़ी खबरें बाजार** में गूंथ रही हैं, और इससे स्पष्ट हो रहा है कि **कंपनी ने उत्पाद विकसित** करने और उपभोक्ता जिज्ञासा को पूर्ण करने के लिए नए मानकों का अनुसरण किया है।

हरीसन कंपनी ने अपने नए उत्पादों में तकनीकी सुधार करने पर बल दिया है। इनमें नवीनतम तकनीकी नवाचार, स्मार्ट तकनीकी समाधान और उपभोक्ताओं के लिए बेहतरीन उपयोगकर्ता अनुभव की सुनिश्चित करने के लिए सुधार किए गए हैं।

प्रशिक्षण एवं पुरस्कार

हरीसन आगे बढ़कर लगातार महासम्मेलनों का आयोजन कर रहा है

हरीसन आगे बढ़कर लगातार महासम्मेलनों का आयोजन कर रहा है, जो कारपेंटर्स और उनके समूहों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन महासम्मेलनों में स्थानीय कारपेंटर्स को एक साथ आने और अपने अनुभवों, विचारों, और कौशलों को साझा करने का मौका मिलता है।

ये महासम्मेलन सामूहिक समर्थन, साझेदारी, और कौशल को बढ़ावा देने का एक माध्यम प्रदान करते हैं। विभिन्न विषयों पर आयोजित किए जाने वाले कार्यशालाओं और व्याख्यानों के माध्यम से, कारपेंटर्स नई तकनीकों और उत्पादों के साथ अवगत होते हैं, जिससे उन्हें उनके काम में सुधार करने का अवसर मिलता है।

हरीसन लगातार बड़े पैमाने पर कारपेंटर सम्मेलन कर रहा है

हरीसन लगातार बड़े पैमाने पर कारपेंटर सम्मेलन और प्रशिक्षण का आयोजन करके एक महत्वपूर्ण पहल की है जो न केवल स्थानीय सामुदायिक संबंधों को मजबूत कर रही है, बल्कि कारपेंटर्स को नए उत्पादों, तकनीकों, और निर्माण की प्रक्रियाओं के साथ अवगत करा रही है। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य नौकरियों को बढ़ावा देने, नई तकनीकों का परिचय कराने, और सामुदायिक समर्थन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय कारपेंटर्स को समृद्धि की ओर मोड़ना है।

सम्मेलन में विभिन्न कारपेंट्री विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान, प्रशिक्षण सत्र, और प्रैक्टिकल डेमों का आयोजन किया जाता है। साथ ही, उत्कृष्ट व्यक्तित्वों द्वारा संबोधित किए जाने वाले सत्रों में, कारपेंटर्स को नए अवसरों की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

हर सम्मेलन में विशेष ध्यान दिया जाता है कि समृद्धि के लिए अच्छे कारपेंटर्स कैसे बन सकते हैं। नए उत्पादों और तकनीकों के साथ अपने कौशल को समृद्धि में बदलने के लिए विशेषज्ञ बातचीतें की जाती हैं। यह सभी कारपेंटर्स के लिए नए दरबारों को खोलने का एक अद्वितीय अवसर है। हरीसन ने इस सम्मेलन को आयोजित करके एक समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। समृद्धि न केवल उनके व्यवसायिक उद्देश्यों के लिए है, बल्कि यह भी स्थानीय कारपेंटर्स के समृद्धि और समृद्धि के प्रति उनके समर्पण को प्रशंसा और समर्थन प्रदान करने के लिए है।

नगद ही नगद इनाम पाओ
नगद ही नगद इनाम पाओ

ADVT

Since 1986
Suzu®
An ISO 9001:2015 Certified Company | ISI | CE Certified

Suzu
ARCH EX
The Architectural Expo

We are truly grateful for the tremendous response we received at the recent Event in "The Architecture Expo" at Jammu . Your enthusiastic presence and engagement made the event a resounding success.
The passion and interest exhibited by each attendee contributed to the vibrant atmosphere, and We are sincerely thankful for your valuable contributions to the discussions and interactions throughout the exhibition.

Once again, thank you for your overwhelming response. It was a pleasure having you at the exhibition, and we hope to see you at our future events.

Warm regards,
Team Suzu

www.suzusteel.com | www.suzu.in | Find us on : Facebook Twitter Google Play App Store

Mahacol

SINCE 1971

NIKHIL
ADHESIVES LTD.

MP
Mahacol
German Technology
PV STICK PLUS
Mahacol
ACRYLIC SHEETS & PVC
JALVEER
WATERPROOF ADHESIVES
Mahacol
MICA SPECIAL
SPECIAL LAMINATE ADHESIVES
Mahacol
MAHAQUICK GOLD
Mahacol
QUICK DRYING ADHESIVES
N3
EXTREME WEATHER ADHESIVES
Mahacol
D3 GRADE
PREMIUM
HEATFIT SUPER
HEATPROOF ADHESIVES
Mahacol
170°C
HEATPROOF ADHESIVES

POINT SLABS	ATOOT BANDHAN GIFTS
3000	*Automatic Washing Machine*
4000	*Double Door Fridge*
6500	*1.5 Ton Split AC*
10000	*Honda Activa 6g*

विश्वकर्मा दिवस पर पूजे गए देव शिल्पी विश्वकर्मा

जम्मू। दीपावली के तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा गोवर्धन पूजा के दिन हरियाणा, पंजाब,जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश राज्यों में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर कारीगर समुदाय काम करने वाले औजारों की पूजा कर भगवान के चरणों में यह प्रार्थना करते हैं कि उनका काम पूरे वर्ष अच्छी तरह से चलता रहे। कारीगर, इंजीनियर व अन्य मेहनतकश लोग श्री विश्वकर्मा भगवान को अपना इष्ट देव मानते हैं। विश्वकर्मा जयंती का यह पर्व सरकारी व गैर सरकारी इंजीनियरिंग संस्थानों में उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है। श्री विश्वकर्मा दिवस पर जम्मू से समाजसेवी बलवंत कटारिया की खास रिपोर्ट प्रस्तुत है।

ब्रह्मांड के रचयिता

डिगियाना – जम्मू शहर के सबसे बड़े विश्वकर्मा मंदिर, डिगियाना क्षेत्र में विश्वकर्मा दिवस हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। विश्वकर्मा लाइब्रेरी न्यू प्लाट जम्मू की ओर से पंहुचाई गई विश्वकर्मा मैगजीन की प्रतियां समाज के लोगों में वितरित की गयी। इस कार्यक्रम में सुबह हवन, सत्संग और दोपहर के बाद विशाल लंगर आयोजित की गई। आयोजक मंदिर कमेटी के प्रधान गुरमुख सिंह पठानिया, मोहन लाल, रामपाल चरगोत्रा, पुरुषोत्तम लाल आदि उपस्थित रहे।

कठुआ – जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर विश्वकर्मा मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माथा टेककर श्री विश्वकर्मा जी का आशीर्वाद लिया। इस अवसर बहुत बड़े लंगर का आयोजन किया गया। विश्वकर्मा लाइब्रेरी न्यू प्लाट जम्मू की एक टीम वहां भी विश्वकर्मा रिपोर्टर की प्रतियां बांटकर अपने मिशन को आगे बढ़ाती नजर आई। आयोजन करने बालों में मंदिर कमेटी के प्रधान करतार वर्मा, मास्टर रवि वर्मा, मास्टर जसवंत आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे। जिला मुख्यालय पर भगवान विश्वकर्मा मंदिर में हवन यज्ञ हुआ। सुबह से माथा टेकने श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। जिले में मशीन और औजारों से काम करने वाले कारपेंटरों, मजदूरों व मोटर मैकेनिकों ने भगवान विश्वकर्मा की विशेष पूजा को समर्पित इस दिवस पर अपना कामकाज बंद रखा। इसके चलते शहर में उपरोक्त संस्थान, इससे जुड़ी दुकानें और उद्योग भी बंद रहे। जिला मुख्यालय पर भी भगवान विश्वकर्मा पूजा समारोह आयोजित किया गया। शहर के पुराना बस अड्डा के भगवान विश्वकर्मा मंदिर में सुबह से ही हवन यज्ञ किया गया, जिसमें भगवान विश्वकर्मा के नाम पर आहुतियां डाली गई और सामूहिक पूजा अर्चना की गई। इसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इसी बीच विश्वकर्मा सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथियों में जिला विश्वकर्मा सभा कठुआ के प्रधान करतार नाथ वर्मा, भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज भगत, एडवोकेट सुशील गुप्ता, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव पंकज शर्मा, सभा के चेयरमैन सेवानिवृत्त कर्नल नसीब चंद, मंच सचिव रविकांत आदि ने भगवान विश्वकर्मा की महिमा का गुणगान किया। करतार नाथ वर्मा ने सभी को विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब से सृष्टि बनी है,तबसे ही भगवान विश्वकर्मा की महिमा रही है। वह चाहे सतयुग हो, त्रेता युग हो या फिर द्वापर युग हो। भगवान विश्वकर्मा ने अपनी कला से भगवान के घर भी बनाए, जिन्हें सृष्टि के पहले इंजीनियर बताया गया है। यह मंदिर जम्मू शहर से 80 किमी दूर है।

सैनिक कालोनी – जम्मू शहर के सैनिक कालोनी के मंदिर में विश्वकर्मा दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। हवन और पूजा अर्चना के बाद प्रदेश सभा की महिला इकाई की प्रधान वंदना सागर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई। इस अवसर पर विश्वकर्मा पत्रिका का वितरण किया गया। आयोजन करने बालों में कर्नल सीडी मल्होत्रा, डा. नसीब चंद, राज चलोत्रा प्रमुख थे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा के दर्शन किए। यह मंदिर जम्मू शहर में ही स्थित है।

भगवती नगर – जम्मू शहर के भगवती नगर के विश्वकर्मा मंदिर में हवन और जगराता आयोजित किया गया। दोपहर भोज और सत्संग भी हुआ। आयोजकों में मंदिर कमेटी के प्रधान सरदार राजेन्द्र सिंह, राम सिंह व राकेश कुमार बिट्टू प्रमुख थे। विश्वकर्मा लाइब्रेरी न्यू प्लाट जम्मू के इंचार्ज जोगिंदर अंगोत्रा ने यहां पर विश्वकर्मा मैगजीन बांटी। यह मंदिर जम्मू शहर में ही स्थित है।

आर. एस. पुरा – आर. एस. पुरा तहसील में विश्वकर्मा मंदिर कोटली गाला बाना, जिला जम्मू की ओर से विश्वकर्मा दिवस मनाया गया। सुबह विश्वकर्मा मंदिर में हवन किया गया और दोपहर लंगर आयोजित हुआ। इस प्रोग्राम में पूर्व मंत्री व श्यामलाल चौधरी व डी.डी.सी. घारूराम भगत मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रदेश विश्वकर्मा सभा अध्यक्ष शशि वर्मा, महासचिव विजय कुमार, श्यामलाल भी शामिल हुए। इस अवसर पर अध्यक्ष विश्वकर्मा सभा आर.एस. पुरा कृष्णलाल सभरवाल ने सभी सदस्यों को श्री विश्वकर्मा दिवस की बधाई दी। उन्होंने लोगों के योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि भगवान विश्वकर्मा इस ब्रह्मांड के वास्तुकार हैं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा दिवस पर सभी सरकारी तकनीकी संस्थानों में अवकाश तो रहता ही है, इसलिए सरकार इस दिन को छुट्टी घोषित करे। समिति के सदस्य विश्वकर्मा सभा आर.एस. पुरा उपाध्यक्ष बचन लाल, महामंत्री पवन कुमार, उपाध्यक्ष विजय कुमार, सचिव जगदीश राज, भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल प्रधान अशोक कुमार लकी इस अवसर पर उपस्थित रहे। रमेश कुमार (बिल्ला) ने सम्मानित अतिथियों का धन्यवाद किया और मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। यह मंदिर जम्मू शहर से 30 किमी की दूरी पर है।

मनोहर – जम्मू कश्मीर में सांबा जिले के मनोहर गांव में स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भी हवन और पूजा अर्चना हुई। जम्मू से विश्वकर्मा लाइब्रेरी की ओर से बलवंत कटारिया और युवा कार्यकर्ता ह्रितिक मल्होत्रा शामिल हुए और विश्वकर्मा मैगजीन की प्रतियां श्रद्धालुओं में बांटी। मनोहर के मंदिर में तरसेम लाल ने आयोजन में मुख्य भूमिका निभाई। यह मंदिर जम्मू शहर से 50 किमी दूर है।

>> पेज 13 भी देखे

विश्वकर्मा रिपोर्टर

ऊधमपुर – विश्वकर्मा सभा समिति की ओर से विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा पूजा पर्व धूमधाम से मनाया गया। भारी संख्या में तकनीकी से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया और भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। विश्वकर्मा मंदिर, निकट एम.एच चौक, उधमपुर में हवन यज्ञ हुआ। मंदिर परिसर में हवन यज्ञ के बाद फ्लैग होस्टिंग हुई जो अध्यक्ष राधे द्वारा श्याम मन्हास ने की। अशोक हंस, सोनू बापोरिया और पार्टी द्वारा रंगारंग प्रोग्राम हुआ। पूर्व विधायक बलवंत सिंह मनकोटिया, पूर्व विधायक कृष्ण चंद्र भगत, डीडीसी घोरड़ी राकेश, सहायक श्रम आयुक्त प्रगट गुप्ता उत्सव में शामिल हुए। अध्यक्ष विजय कुमार मन्हास, सुनील दत्त, ओम प्रकाश, जगदेव राज चलोत्रा, रोमेश चंदर, रोमेश वर्मा ,शशि मन्हास, राज कुमार, गुरयाल, बाबू राम,शंकर दास, केवल कुमार व अभिनंदन चलोत्रा आयोजक प्रमुख रहे। भक्तों के लिए लंगर सेवा की गई। यह मंदिर जम्मू शहर से 65 किमी दूरी पर है।

न्यू प्लॉट्स, जम्मू – विश्वकर्मा मंदिर, न्यू प्लॉट्स, जम्मू में अध्यक्ष राम लाल की देखरेख में हवन और भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। महिलाओं और बच्चों सहित समाज के सभी वर्गों से भारी संख्या में स्थानीय लोग भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लेने पहुंचे। श्रद्धालुओं में सामुदायिक पत्रिका विश्वकर्मा रिपोर्टर की प्रति वितरित की गई। मंदिर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष महिंदर लाल ने कहा कि उद्योगपतियों,ईंट भट्ठों,भवन निर्माण सामग्री,राजनीतिक हलकों, मैकेनिकों, श्रमिकों और कलाकारों, पी.एच.ई सहित सभी लोग विश्वकर्मा दिवस पर अघोषित अवकाश रखते हैं। हम आशा करते हैं कि सरकार इस मुद्दे पर अपना ध्यान देगी। उन्होंने विश्वकर्मा दिवस पर गजेटेड अवकाश की मांग भी दोहराई। इस अवसर पर भक्तों के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई। आयोजक टीम में रमेश अंगोत्रा, रतन लाल,जोगिंदर अंगोत्रा, रतन लाल, विशाल अंगोत्रा, कुणाल अंगोत्रा, जितेंद्र जाजुआ, अशोक सलगोत्रा अन्य शामिल रहे। यह मंदिर जम्मू शहर में ही स्थित है।

मिश्रीवाला – अध्यक्ष पुरुषोत्तम चरगोत्रा व चेयरमैन मंगल दास वर्मा की देखरेख में विश्वकर्मा मंदिर,अखनूर रोड,मिश्रीवाला जम्मू में श्री विश्वकर्मा दिवस मनाया गया। समारोह में पूर्व मंत्री अजय सधोत्रा बतौर अतिथि उपस्थित रहे। श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी नई प्लाट जम्मू की ओर से प्रतिभागी बच्चों को नोट बुक वितरित की गई। उपाध्यक्ष लखनपाल सलारिया ने कहा कि हमारा दिन प्रौद्योगिकी के साथ शुरू होता है और शाम को प्रौद्योगिकी के साथ ही समाप्त होता है। पुरषोत्तम चारगोत्रा ने जम्मू वासियों को बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक समय में विश्वकर्मा पूजा का महत्व लगातार बढ़ रहा है। आज का जीवन पूरी तरह से इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी पर आधारित है। मंदिर के संस्थापक सदस्य और चेयरमैन मंगल दास वर्मा ने कहा कि इस तरह का उत्सव प्रति वर्ष एक परंपरा के रूप में आयोजित किया जाता है, हम सब इसे निरंतर बनाए रखने का प्रयास करेंगे। समारोह का संचालन बलवंत कटारिया ने किया। आयोजक टीम के सदस्य नीटू वर्मा, पूर्व प्रधान सतपाल वर्मा, ओम कटारिया, विजय चरगोत्रा, बुआ दित्ता, सोनिया वर्मा,रशपाल सिंह वर्मा, संजीव वर्मा, अशोक सलारिया, कमल पुजारी, सरपंच पल्लवी वर्मा,सोमदत्त भगत, पूरन वर्मा आदि इस अवसर पर उपस्थित रहे। यह मंदिर जम्मू शहर से 15 किमी की दूरी पर है।

बसोहली – जम्मू शहर से 150 किमी की दूरी पर बसोहली के विश्वकर्मा मंदिर में श्री विश्वकर्मा दिवस का आयोजन किया गया। रानी तालाब के नजदीक विश्वकर्मा मंदिर में नगरोटा, महानपुर पैलासी में स्थित विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। बिजली के प्रवासी कामगारों ने औजारों की पूजा करने के बाद भंडारे में प्रसाद लिया। पावर हाउस बसोहली, नगरोटा, शीतल नगर, धार महानपुर में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन हुआ।

सांबा – जम्मू शहर से 30 किमी दूर सांबा जिले के विजयपुर कस्बे में विश्वकर्मा सभा की इकाई की ओर से विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा दिवस मनाया गया। इस अवसर प्रो. कालीदास व सेवानिवृत्त सीईओ एम आर बंगोत्रा विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित रहे। इस मंदिर में पूजा आयोजन करने वालों में मदन लाल, यशपाल वर्मा, जोगिन्दर कुमार आदि शामिल रहे। सांबा मंदिर में विश्वकर्मा दिवस मनाया गया। गिरधारी लाल और उनका परिवार मंदिर के रखरखाव और विश्वकर्मा पूजा दिवस समारोह में मुख्य भूमिका निभाते हैं। यह मंदिर जम्मू शहर से 40 किमी दूरी पर है।

कटड़ा – ऊधमपुर में विश्वकर्मा मंदिरों में विश्वकर्मा पूजा पर्व धूमधाम से मनाया गया। भारी संख्या में तकनीकी से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह मंदिर जम्मू शहर से 45 किमी की दूरी पर है।

अखनूर – विश्वकर्मा मंदिर अखनूर में विश्वकर्मा दिवस के अवसर आमंत्रित अतिथियों में पूर्व विधायक राजीव शर्मा, नगरपालिका समिति के अध्यक्ष संजय सराफ, पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका समिति सुरिंदर शर्मा, विश्वकर्मा सभा अखनूर के सदस्य, अध्यक्ष जितेंद्र सालगोत्रा, केसर सलगोत्रा, तिलक सालगोत्रा, मास्टर प्रीतम लाल वर्मा, बंसी लाल गौतम शामिल रहे। यह मंदिर जम्मू शहर से 30 किमी दूर है।

खौड़ – जम्मू की खौड़ इकाई के विश्वकर्मा मंदिर में विश्वकर्मा दिवस भक्तिभाव के साथ मनाया गया। मंदिर में मंत्रों के जाप के बाद हवन की गई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने मिलकर भजन और आरती गाई। इस अवसर पर प्रबुद्ध लोगों ने अपने विचार साझा किया। आयोजन में समिति अध्यक्ष मास्टर रशपाल सिंह वर्मा का विशेष योगदान रहा। यह मंदिर जम्मू शहर से 50 किमी दूर है।

विश्वकर्मा मूर्ति स्थापना दिवस मनाया गया

पटियाला। श्री विश्वकर्मा वेलफेयर क्लब की ओर से 8 वां श्री विश्वकर्मा मूर्ति स्थापना दिवस श्री विश्वकर्मा मंदिर भवन में धूमधाम व भक्ति भाव के साथ से मनाया गया। मंच सचिव राम सिंह धीमान ने बहुत ही प्रस्तुति दी खैर, झंडे की रस्म अवतार सिंह नंनढा ने निभाई।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जिला योजना बोर्ड पटियाला के जस्सी सोहियांवाला का श्री विश्वकर्मा मंदिर में स्वागत किया गया, उन्होंने इस शुभ दिन पर विश्वकर्मा रामगढ़िया समुदाय को बधाई दी। उन्होंने श्री विश्वकर्मा मंदिर के विकास के लिए पांच लाख रुपये के अनुदान की घोषणा की। विश्वकर्मा मंदिर सभाओं के अध्यक्ष और सदस्य विभिन्न शहरों से आए लोगों ने अपने विचार साझा किये। श्री विश्वकर्मा वेलफेयर सोसायटी के प्रधान चरण सिंह रल्हन, एम डी मलकीत गरूप ने विश्वकर्मा रामगढ़िया भाईचारे को शुभ दिन की शुभकामनाएं दी।

अंबाला शहर व छावनी में विश्वकर्मा पूजा की धूम

अंबाला। श्री विश्वकर्मा मंदिर कैथ माजरी में विधायक असीम गोयल ने सुबह 11 बजे शोभायात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा मुख्य बाजार से होकर सायं 6 बजे कोर्ट रोड, विश्वकर्मा मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रधान एडवोकेट विजय धीमान ने सभा के सदस्यों के साथ स्वागत किया व रात्रि भोज दिया। समाज की ओर से कोर्ट रोड मंदिर में सुबह झंडा रोहण किया गया। मुख्य अतिथि तिलक राज धीमान जगाधरी व पूर्व मंत्री विनोद शर्मा सहित सभी अतिथियों को शाल व सम्मान चिन्ह देकर स्वागत किया गया। स्टेज से गायक कलाकारों ने धार्मिक गीतों से संगतों को आनंदित किया। विश्वकर्मा दूत के संपादक पी आर राजल भी समारोह में शामिल रहे। अंबाला छावनी विश्वकर्मा मंदिर में प्रधान राजीव धीमान व सदस्यों ने सुबह झंडा रोहण कर अन्य कार्यक्रम के बाद भंडारा बरताया गया। इस अवसर पर बतौर अतिथि तिलकराम धीमान जगाधरी, अर्जुन धीमान, विश्वकर्मा धीमान समाज हरियाणा के प्रधान ने झंडा फहराया।

EURO
7000
WP 2in1
WATERPROOF ADHESIVE

EURO
7000
Extreme3
HI-STRONG
HIGH PERFORMANCE ADHESIVE

कारपेंटर लॉयल्टी प्रोग्राम

EURO 7000
SYNTHETIC WOOD ADHESIVE

MAHARASHTRA

कारपेंटर लॉयल्टी प्रोग्राम

मजबूत जोड हमारे रिश्तों का...

अब यूरो एडहेसिव की खरीदारी पर कटर/ड्रिल/टोकन के साथ
पॉइंट्स भी जमा करे और पाइये आपका मनपसंद गिफ्ट
या कैश ट्रांसफर आपके बैंक खातों में ।

यूरो एडहेसिव
ऐप डाउनलोड कीजिए और
प्वाइंट्स स्कैन कीजिए।

For Android

For Apple

PURCHASE	GET		
800 Gm Pouch	CUTTER MACHINE + LOYALTY PROGRAM	Cutter Machine	1 Point 1 Point/Pouch
800 Gm Pouch	DRILL MACHINE + LOYALTY PROGRAM	Drill Machine	1 Point 1 Point/Pouch
800 Gm Pouch	TOKEN + LOYALTY PROGRAM	Rs.15/- Token Rs.15/- Token/Pouch	1 Point 1 Point/Pouch

PURCHASE	GET		
800 Gm Pouch	CUTTER MACHINE + LOYALTY PROGRAM	Cutter Machine	2 Points 2 Point/Pouch
800 Gm Pouch	DRILL MACHINE + LOYALTY PROGRAM	Drill Machine	2 Points 2 Point/Pouch
800 Gm Pouch	TOKEN + LOYALTY PROGRAM	Rs.25/- Token Rs. 25/- Token/Pouch	2 Points 2 Point/Pouch

नीना गुप्ता की ईमानदारी के कायल हुए जैकी

अभिनेता जैकी श्रॉफ आगामी फिल्म मस्त में रहने का में नजर आने वाले हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म के दोनों सह-कलाकार नीना गुप्ता और मैं अभिनय के बहुत अलग स्कूलों से आते हैं और उनकी ईमानदारी उन पर असर डालती है। मस्त में रहने का एक स्ट्रीमिंग फिल्म है, जिसे विजय मौर्य ने लिखा और निर्देशित किया है। जैकी और नीना को पिछली बार आठ वर्ष पहले एक लघु फिल्म खुजली में देखा गया था, जिसमें एक मध्यम आयु वर्ग के जोड़े की गुप्त इच्छाओं और छिपी हुई कल्पनाओं को दिखाया गया था। ऐसे युग में जहां सभी का ध्यान उभरते अभिनेताओं पर है, ये दोनों दिग्गज स्क्रीन पर अपनी केमिस्ट्री से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने में कामयाब रहे हैं। नीना के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए जैकी ने कहा कि हम सीखने के दो अलग अलग स्कूलों से आते हैं। वह नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से हैं। वह एक सम्मानित और प्रतिष्ठित कलाकार हैं, जबकि मैंने सेट पर अपनी कला सीखी है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से विपरीत चीजें आकर्षित करती हैं, मैं उससे सीखता हूं और मुझे नहीं पता कि वह मुझसे कुछ सीख सकती है या नहीं। लेकिन उनकी ईमानदारी मुझ पर प्रभाव डालती है। जब हम स्क्रीन पर एक साथ आते हैं तो हमें एक दूसरे के बारे में शानदार समझ होती है। मुझे लगता है कि हमारी केमिस्ट्री खूबसूरती से मिश्रित है और दर्शक भी इसे महसूस करते हैं। मस्त में रहने का को मेड इन मौर्य के बैनर तले निर्मित किया गया है और यह प्यार और जीवन में दूसरे मौके, क्षमा और मोचन के सार्वभौमिक विषयों पर आधारित है। कहानी एक मार्मिक ओडिसी है, जो इस गहन अहसास को दशार्ती है कि जीवन एक खजाना है। नीना ने कहा कि वह और जैकी कई वर्षों बाद वापस आ रहे हैं, जैकी और मैं एक दूसरे के साथ बहुत सहज हैं। हम सुधार करना जानते हैं, हम हंसते हैं और साथ में खाना खाते हैं। ईमानदारी से कहूं तो उनके साथ इस फिल्म पर काम करना बहुत मजेदार था। मस्त में रहने का में मोनिका पंवार, अभिषेक चौहान, राखी सावंत और फैसल मलिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

टेलीविजन पर शुरू होगा महाकाव्य श्रीमद रामायण

भारतीय महाकाव्य श्रीमद रामायण सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर 1 जनवरी 2024 से शुरू होगा। श्रीमद रामायण में मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के रूप में सुजय रेऊ नजर आयेंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन चैनल ने श्रीमद रामायण एक नया प्रोमो जारी किया है, जिसमें दर्शकों को मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम से खूबसूरती से परिचित कराया गया है। सुजय रेऊ ने कहा कि श्रीमद रामायण में यह अवसर पाकर मैं गर्वांवित और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का किरदार निभाना सिर्फ एक भूमिका नहीं है बल्कि यह एक गहरी जिम्मेदारी और अभूतपूर्व आध्यात्मिक यात्रा भी है। भगवान राम की कालातीत कथा ने हमेशा मेरे दिल में एक खास जगह बना रखी है और उनकी यात्रा को जीवंत करने का यह मौका मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। श्रीमद रामायण हर सोमवार से शुक्रवार रात 09 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

नवाजुद्दीन चौथी बार वास्तविक व्यक्ति की भूमिका में

अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कस्टम आफिसर कोस्टाओ फर्नांडिस के जीवन पर आधारित फिल्म साइन की है। कस्टम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार कोस्टाओ ने वर्ष 1979 में गोवा कस्टम से अपने पेशेवर सफर की शुरूआत की थी। वह सबसे ज्यादा चर्चा में तब आए जब वर्ष 1991 में उन्होंने गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री चर्चिल अलेमाओ और उनके भाइयों के विरुद्ध बड़े पैमाने पर सोने की तस्करी का मामला उजागर किया था। सेजल शाह के निर्देशन में बन रही इस फिल्म की शूटिंग 26 अक्टूबर को मुंबई में शुरू हुई थी। पहले शेड्यूल में नवाज और फिल्म की अभिनेत्री प्रिया बापट के साथ कुछ नाटकीय सीन शूट हुए। अब नवाजुद्दीन एक्शन के मोड में हैं। फिल्म की टीम गोवा में फिल्म का दूसरा शेड्यूल शूट कर रही है। इस शेड्यूल में नवाजुद्दीन के साथ कुछ ऐक्शन और पीछा करने वाला सीन फिल्माया जा रहा है। फिल्म की टीम गोवा में दिसंबर के अंत तक शूटिंग करेगी। उसके बाद टीम मुंबई में फिल्म के अंतिम शेड्यूल की शूटिंग करेगी। यह वास्तविक व्यक्तियों या उनसे प्रेरित नवाज की चौथी फिल्म है। इससे पहले वह मांझी, मंटो और ठाकरे फिल्मों में ऐसी भूमिकाएं निभा चुके हैं। इसके अलावा नवाजुद्दीन फिल्म सेक्शन 108 और अद्भुत फिल्मों में नजर आएंगे।

कंसिल्ड 3 डी हिंज
सिज़र आर्म डोर क्लोजर्स
डोर हेंडल्स्
स्मार्ट लॉक्स्
ट्रैक आर्म डोर क्लोज़र्स

OZONE®
FOR A SAFER WORLD
सिक्योरिटी प्रोडक्टस
एंड डोर हार्डवेयर

स्मूथ
डोर फिटिंग्स
के साथ स्मार्ट
सिक्योरिटी

+91-9310012300 | WWW.OZONE-INDIA.COM
FOLLOW US ON

स्कैन करें
कम्पलीट रेंज
देखने के लिए

OZONE®
FOR A SAFER WORLD

क्यूब लाइन
क्यूब शेल्विंग सिस्टम

वर्सेटाइल एप्लिकेशन
मोड्युलर डिजाइन
इन्नोवेटिव इंटरलोकिंग
स्पेस ओप्टिमाइजेशन
इजी मैंटेनेन्स
एफर्टलेस एस्सेम्बली

+91-9310012300 | WWW.OZONE.IN | FOLLOW US ON

स्कैन करें
प्रोडक्ट विडियो
के लिए